Title: Appointment of Female Doctors in Community Health Centre along with skilled operator for Untra Sound and X-Ray Machine.

गिरीश चन्द्र (नगीना): माननीय सभापति जी, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं ।

मैं आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र नगीना में जन स्वास्थ्य सुविधा के संबंध में आकृष्ट करना चाहता हूं । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में संचालित है । यहां जीर्णक्षीर्ण अवस्था में महिला अस्पताल है और इसकी हालत बहुत खराब है ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इस अस्पताल का भवन निर्माण कराया जाए । मुझे बहुत खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि इस महिला अस्पताल में एक भी महिला चिकित्सक नहीं है ।

इसके अलावा मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसे सहसपुर, शेरकोट आदि में भी कोई चिकित्सक नहीं है । इन कारणों के चलते मेरे संसदीय क्षेत्र नगीना और जनपद बिजनौर की महिला रोगी दूर-दराज अस्पताल में इलाज कराने के लिए विवश हैं । इसी कारण मैंने प्रयास करके सीआरएस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन और पोर्टेबल एक्सरे मशीन की व्यवस्था कराई थी, लेकिन यहां पर इन मशीनों को चलाने के लिए तकनीकी ज्ञान रखने वाला ऑपरेटर नहीं है ।

मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला चिकित्सकों की नियुक्ति की जाए और साथ ही अल्ट्रासाउंड और एक्सरे मशीन के लिए दक्ष ऑपरेटर की व्यवस्था की जाए । धन्यवाद ।